Dept. of Hindi
Activity 2019-2020

Sr. No	Name of the Activity	Date	Organizing Agency
1	हिंदी दिवस समारोह	२३ सितंबर, २०१९	हिंदी विभाग, रिज़वी महाविद्यालय, बांद्रा (प.)
2	"गोदान" फिल्म का प्रदर्शन	३१ जुलाई, २०१९	हिंदी विभाग, रिज़वी महाविद्यालय, बांद्रा (प.)
3	स्नेह मिलन समारोह	०१ जनवरी, २०२०	हिंदी विभाग, रिज़वी महाविद्यालय, बांद्रा (प.)

हिंदी विभाग
(वार्षिक अहवाल सन 2019-20)

- हिंदी दिवस समारोह

रिज़वी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित रिज़वी महाविद्यालय कला, विज्ञान व वाणिज्य में हिंदी दिवस समारोह दिनांक 23 सितंबर, 2019 को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदी दिवस समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ ठीक ग्यारह बजे सूरा फ़ातिहा व सरस्वती वंदना के साथ रिज़वी एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अख़्तर हसन रिज़वी जी एवं निर्देशिका ऍड. (श्रीमती) रुबीना अख़्तर हसन रिज़वी जी के छत्रछाया में प्रभारी प्राचार्या डॉ (श्रीमती) अंजुम आरा अहमद व मुख्य अतिथि वक़्ता डॉ मोहसिन खान (विभागाध्यक्ष, जे.एस.एम. महाविद्यालय, अलीबाग, जिला रायगढ़) के हाथों दीपप्रज्वलित करके किया गया।

हिंदी दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्या की अध्यक्षता में काव्य पाठ व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। समारोह के संयोजक डॉ अंसारपाशा शेख़ और प्राध्यापक अशोक कुमार सिंह के अगुवाई व सूत्रसंचालन से वातावरण हिंदीमय हो गया। महाविद्यालय के कुल तीस विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें से काव्य पाठ व निबंध लेखन प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। विशेष आमंत्रित अतिथि वक्ता डॉ मोहसिन खान जी ने सबसे पहले महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अख़्तर हसन रिज़वी जी एवं निर्देशिका ऍड. (श्रीमती)

रुबीना अख़्तर हसन रिज़वी जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर हिंदी विभाग की प्रसंशा की और छात्रों को टेक्नोलॉजी में हिंदी पठन-पाठन करने के लिए प्रेरित किया. उनके द्वारा 'सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी भाषा' विषय पर प्रस्तुत व्याख्यान अत्यंत सार्थक एवं उपयोगी रहा। जिसमें उन्होंने कंप्यूटर पर हिंदी में कामकाज का परिचय देते हुए हिंदी फॉन्ट, कंप्यूटर पर आधारित हिंदी के सोफ्टवेयर, मशीनी अनुवाद और इंटरनेट और हिंदी का महत्व बताकर छात्रों को सतत अद्यतन रहने के लिए प्रेरित किया. अध्यक्षीय समारोप में प्रभारी प्राचार्या डॉ अंजुम आरा अहमद ने हिंदी दिवस की गरिमा को बरकरार रखते हुए हिंदी भाषा की उपयुक्तता को स्पष्ट किया. महाविद्यालय के छात्रों को हिंदी में तकनीकी प्रयोग का महत्व प्रतिपादित किया. समय के साथ हिंदी भाषा अपने भाषाई कलेवर को किस प्रकार बदल रही है और उसका कंप्यूटर में प्रयोग किस प्रकार हो रहा है इस पर प्रकाश डाला. हिंदी विभाग के प्रा. सायमा शेख़, प्रा. ईनामदार हमीद, प्रा. प्रमोद जायसवाल व उपप्राचार्या फराना ख़ालिद वली, उपप्राचार्य नवनीत मिश्रा व महाविद्यालय के अध्यापक एवं कर्मचारियों के सहयोग से समारोह की सफलता में चारचांद लग गए। समारोह के संयोजकों ने अगले वर्ष इस समारोह को और बड़े स्तर पर करने के संकल्प को दोहराया। अंत में राष्ट्रगीत के साथ हिंदी दिवस समारोह कार्यक्रम का समापन हुआ।

मुंबई • शुक्रवार, 27 सितंबर 2019

NBT

नवभारत टाइम्स

विश्व पर्यटन दिवस

DR. RIZVI DIGITAL LIBRARY

रिजवी एजुकेशन सोसाइटी से संचालित रिजवी महाविद्यालय कला, विज्ञान व वाणिज्य में हिंदी दिवस समारोह 23 सितंबर को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अख्तर हसन रिजवी एवं निदेशक ऐड. रुबीना अख्तर हसन रिजवी की उपस्थिति में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अंजुम आरा अहमद व मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. मोहसिन खान ने की। संयोजक डॉ. अंसारपाशा शेख और प्राध्यापक अशोक कुमार सिंह ने संचालन किया।

ی کالج میں یوم ہندی جوش وخروش سے منایا گیا

نثار شیخ) رضوی کالج ایجوکیشن سوسائٹی کے زیر انصرام، رضوی کالج آف آرٹس، سائنس، وکامرس باندرہ میں
کو یوم ہندی بڑے جوش وخروش سے منایا گیا۔ اس ہندی دن کی اہمیت پر کالج کے طلباء طالبات و ٹیچرس
ن پروگرام پیش کیا۔ پروگرام کی ابتدہ ٹھیک 11 بجے کلام پاک کی سورہ فاتحہ و سرسوتی وندنا سے ہوئی۔ بعد
ن سوسائٹی کے بانی وصدر محترم جناب ڈاکٹر اختر حسن رضوی و ڈائریکٹر ایڈوکیٹ روبینہ اختر حسن رضوی

الماس شیخ کو لائنس آئیڈیل

سولاپور (پریس ریلیز): خان کیمپس سولاپور میں لائنس کلب آف سولاپور
کالج کے اشتراک سے مختلف شعبوں میں نمایاں کارکردگی انجام دینے وا
تھی۔ جس میں چار قسم کے ایوارڈز، لائنس آئیڈیل ٹیچر ایوارڈ، لائنس
لائف ٹائم اچیومنٹ ایوارڈ سے مخصوص افراد کو نوازا گیا۔ اس تقریب کی

- **मुंशी प्रेमचंद जयंती**

हिंदी विभाग द्वारा दिनांक ३१ जुलाई २०१९ को मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर प्रेमचंद द्वारा लिखित उपन्यास 'गोदान' पर बनी **"गोदान"** फिल्म का प्रदर्शन किया गया जिसमें बीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के सम्मानित अध्यापकों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की. विभागाध्यक्ष डॉ. शेख अन्सारपाशा ने उपस्थित जन को प्रेमचंद के साहित्य से परिचित कराया तथा गोदान उपन्यास में चित्रित कृषक त्रासदी को अभिव्यक्त किया.

- स्नेह मिलन समारोह

हिंदी विभाग द्वारा दिनांक ०१ जनवरी २०२० को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें बीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपनी साहित्य ज्ञान का परिचय देते हुए अपना मंतव्य रखा. कुछ छात्रों ने हिंदी में स्वरचित कविताएं प्रस्तुत की तो कुछ ने गीत. इस समारोह का प्रमुख उद्देश्य हिंदी साहित्य की चर्चा/परिचर्चा करना था.